Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन ० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

Test Date	24/12/2025
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Level 01 Stage I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

Q.1 **गर्भाशय आस्तर प्रत्येक माह मोटी और स्पंजी क्यों हो जाती है?**

Ans
- ✗ A. ऋतुस्राव को रोकने के लिए
- ✗ B. अंडे के विकास में सहायता करने के लिए
- ✓ C. निषेचन होने पर भ्रूण को पोषण प्रदान करने के लिए
- ✗ D. पोषक तत्वों को अवशोषित करने के लिए

Q.2 **उपकला ऊतक के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

Ans
- ✗ A. उपकला ऊतक मुख्य रूप से अस्थियों और पेशियों को जोड़ता है।
- ✗ B. उपकला ऊतक, शरीर में पदार्थ विनिमय में कोई भूमिका नहीं निभाता है।
- ✗ C. उपकला ऊतक कोशिकाओं में बृहत अंतर-कोशिकीय अवकाश होते हैं और शिथिल शीट बनाते हैं।
- ✓ D. उपकला ऊतक एक सुरक्षात्मक आवरण बनाता है और पदार्थ विनिमय को नियमित करता है।

Q.3 **गुरुत्वाकर्षण बल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

Ans
- ✓ A. यह प्रकृति में हमेशा आकर्षक होता है।
- ✗ B. यह वस्तुओं के बीच के माध्यम पर निर्भर करता है।
- ✗ C. यह वस्तुओं के आवेश पर निर्भर करता है।
- ✗ D. यह आकर्षक और प्रतिकर्षक दोनों हो सकता है।

Q.4 **किसी तत्व की एक दूसरे से संयोजन क्षमता मुख्यतः निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करती है?**

Ans
- ✗ A. ऊर्जा स्तर की संख्या
- ✗ B. न्यूट्रॉन की संख्या
- ✗ C. प्रोटॉनों की संख्या
- ✓ D. संयोजी इलेक्ट्रॉनों की संख्या

Q.5 **असमान गति में किसी वस्तु के लिए दूरी-समय ग्राफ की प्रकृति क्या है?**

Ans
- ✓ A. एक वक्र रेखा
- ✗ B. एक सीधी रेखा
- ✗ C. एक ऊर्ध्वाधर रेखा
- ✗ D. एक क्षैतिज रेखा

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.6 जब किसी वस्तु को उत्तल लेंस के सामने अनंत पर रखा जाता है, तो बनने वाला प्रतिबिंब ....होता है।

Ans
- ✗ A. प्रकाशिक केंद्र पर, आभासी और आवर्धित
- ✓ B. फोकस (F) पर, वास्तविक और अत्यधिक न्यूनीकृत
- ✗ C. F और 2F के बीच, वास्तविक और उलटा
- ✗ D. 2F पर, वास्तविक और समान आकार वाला

Q.7 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन द्रव के गुणधर्मों का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

Ans
- ✓ A. कोई निश्चित आकृति नहीं, निश्चित आयतन
- ✗ B. निश्चित आकृति, निश्चित आयतन
- ✗ C. कोई निश्चित आकृति नहीं, कोई निश्चित आयतन नहीं
- ✗ D. निश्चित आकृति, कोई निश्चित आयतन नहीं

Q.8 कौन-सा उपकरण विद्युत धारा के तापीय प्रभाव पर निर्भर करता है, ताकि परिपथों और साधित्रों (appliances) की सुरक्षा की जा सके और जब विद्युत धारा एक निर्दिष्ट सीमा से अधिक हो जाए तो स्वयं को पिघलाकर परिपथ को वियोजित किया जा सके?

Ans
- ✗ A. विद्युत लौह कुंडली
- ✓ B. विद्युत फ्यूज
- ✗ C. रियोस्टेट
- ✗ D. विद्युत बल्ब फिलामेंट

Q.9 कौन-सी संयोजन अभिक्रिया वायुमंडलीय प्रदूषण घटकों के उदासीनीकरण को भी दर्शाती है?

Ans
- ✗ A. Fe + S → FeS
- ✓ B. $CaO + CO_2 \rightarrow CaCO_3$
- ✗ C. CO + O2 → CO2
- ✗ D. $SO_2 + H_2O \rightarrow H_2SO_3$

Q.10 वाशिंग सोडा का उपयोग निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
- ✗ A. गर्म जल के उपचार में उपयोग किया जाता है
- ✗ B. जल में मौजूद जीवाणुओं को मारने के लिए उपयोग किया जाता है
- ✗ C. खाना पकाने में उपयोग किया जाता है
- ✓ D. जल की कठोरता को दूर करता है

Q.11 अजैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट उत्पादन को कम करने का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?

Ans
- ✗ A. अपशिष्ट का पुनर्चक्रण करना
- ✗ B. औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना
- ✓ C. प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और प्रदूषण को न्यूनीकृत करना
- ✗ D. भू-भरण में अधिक स्थान उपलब्ध कराना

Q.12 कार्यात्मक संतति कोशिकाओं के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए DNA प्रतिलिपीयन के साथ कौन-सी प्रक्रिया होनी चाहिए?

Ans
- ✗ A. गुणसूत्र उत्परिवर्तन
- ✗ B. केवल प्रोटीन संश्लेषण
- ✗ C. केवल RNA अनुलेखन
- ✓ D. अतिरिक्त सेलुलर उपकरण का निर्माण

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सा नियम, धारावाही वृत्ताकार लूप द्वारा उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र की दिशा को निर्धारित करता है?

Ans
- ✗ A. वाम-हस्त अंगुष्ठ नियम (Left-Hand Thumb rule)
- ✗ B. फ्लेमिंग का वाम-हस्त नियम (Fleming's Left-Hand rule)
- ✗ C. फ्लेमिंग का दक्षिण-हस्त नियम (Fleming's Right-Hand rule)
- ✓ D. दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ नियम (Right-Hand Thumb rule)

Q.14 पादपों में जब जड़ों और पत्तियों के बीच की दूरी अधिक हो जाती है, तो निम्नलिखित में से क्या होता है?

Ans
- ✗ A. जड़ें, जल अवशोषित नहीं करती हैं।
- ✓ B. विसरण अपर्याप्त हो जाता है।
- ✗ C. अधिक क्लोरोफिल उत्पन्न होता है।
- ✗ D. विसरण तीव्र हो जाता है।

Q.15 सूत्र इकाई द्रव्यमान को __________ के रूप में परिभाषित किया जाता है।

Ans
- ✓ A. एक आयनिक यौगिक की सूत्र इकाई में सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमानों के योग
- ✗ B. सबसे हल्के तत्व के परमाणु द्रव्यमान
- ✗ C. यौगिक के आणविक द्रव्यमान
- ✗ D. एक अणु के द्रव्यमान

Q.16 निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा, आवृत्ति (v) और समय अवधि (T) के बीच संबंध का सही वर्णन करता है?

Ans
- ✓ A. $vT = 1$
- ✗ B. $v + T = 1$
- ✗ C. $vT = 0$
- ✗ D. $\frac{v}{T} = 1$

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पादप कोशिकाओं में लवक का सही वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. वे केवल जंतु कोशिकाओं में मौजूद होते हैं और पादप कोशिकाओं में अनुपस्थित होते हैं।
- ✗ B. वे पौधे और जंतु कोशिकाओं दोनों में समान मात्रा में मौजूद होते हैं।
- ✓ C. वे केवल पादप कोशिकाओं में मौजूद होते हैं और जंतु कोशिकाओं में अनुपस्थित होते हैं।
- ✗ D. वे प्रकाश संश्लेषण के लिए बैक्टीरिया जैसी प्रोकैरियोटिक कोशिकाओं में पाए जाते हैं।

Q.18 स्प्रिंग तुला A एक सिरे पर स्प्रिंग तुला B से जुड़ा है, जिसका दूसरा सिरा एक दृढ़ आधार पर स्थिर है। स्प्रिंग तुला A के मुक्त सिरे पर एक बल लगाया जाता है। दोनों तुला समान पाठ्यांक दर्शाती हैं। यह प्रेक्षण क्या दर्शाता है?

Ans
- ✗ A. केवल स्प्रिंग तुला A, B पर बल लगाता है।
- ✗ B. दोनों तुला एक ही दिशा में बल लगाती हैं।
- ✗ C. A द्वारा B पर लगाया गया बल, B द्वारा A पर लगाए गए बल से अधिक है।
- ✓ D. A द्वारा B पर लगाया गया बल, B द्वारा A पर लगाए गए बल के बराबर और विपरीत है।

Q.19 मिश्रधातु, वायु, नींबू-पानी और सोडा पानी निम्नलिखित में से किस श्रेणी के विलयन के उदाहरण हैं?

Ans
- ✗ A. निलंबन
- ✗ B. विषमांगी मिश्रण
- ✓ C. समांगी मिश्रण
- ✗ D. कोलॉइड

Adda247

Q.20 वह रासायनिक अभिक्रिया, जिसमें दो या दो से अधिक पदार्थ मिलकर एकल उत्पाद बनाते हैं, ____________ कहलाती है।

Ans
- ✗ A. विस्थापन अभिक्रिया
- ✗ B. अपघटन अभिक्रिया
- ✓ C. संयोजन अभिक्रिया
- ✗ D. द्वि-विस्थापन अभिक्रिया

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा जीव DDT की अधिकतम सांद्रता संचित करेगा?

Ans
- ✗ A. घास
- ✗ B. मकड़ी
- ✗ C. बकरी
- ✓ D. मानव

Q.22 जब एक उत्थित हथौड़ा किसी कील पर आघात करता है और उसे लकड़ी में प्रविष्ट कर देता है, तो हथौड़े के बल द्वारा कील पर किया गया कार्य धनात्मक होता है। इसी परिदृश्य में, कौन-सा कथन ऋणात्मक कार्य का वर्णन करेगा?

Ans
- ✗ A. लकड़ी में कील के प्रवेश करते समय उस पर लगने वाले गुरुत्वीय बल द्वारा किया गया कार्य।
- ✗ B. हथौड़े में संचित स्थितिज ऊर्जा द्वारा किया गया कार्य।
- ✗ C. हथौड़े के आघात करते समय उस पर लगने वाले गुरुत्वीय बल द्वारा किया गया कार्य।
- ✓ D. हथौड़े पर कील द्वारा लगाए गए बल द्वारा किया गया कार्य।

Q.23 कार्बन में पाए जाने वाले कौन-से दो गुणधर्म, बड़ी संख्या में कार्बन यौगिकों के निर्माण के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी हैं?

Ans
- ✗ A. उच्च परमाणु द्रव्यमान और बड़ा परमाणु आकार
- ✓ B. चतु:संयोजकता और श्रृंखलन
- ✗ C. आयनिक आबंध बनाने और इलेक्ट्रॉन त्याग करने की प्रवृत्ति
- ✗ D. धात्विक लक्षण और चालकता

Q.24 निषेचन के बाद, जब पुष्प के अन्य भाग मुरझाकर गिर जाते हैं, तो अंडाशय किस रूप में विकसित होता है?

Ans
- ✓ A. फल
- ✗ B. पराग नलिका
- ✗ C. वर्तिका
- ✗ D. परागकोश

Q.25 छोटे द्वारक वाले गोलीय दर्पणों के लिए वक्रता त्रिज्या और फोकस दूरी के बीच क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. वक्रता त्रिज्या फोकस दूरी के तीन गुने के बराबर होती है
- ✗ B. वक्रता त्रिज्या फोकस दूरी के बराबर होती है
- ✗ C. वक्रता त्रिज्या फोकस दूरी के आधे के बराबर होती है
- ✓ D. वक्रता त्रिज्या फोकस दूरी के दोगुने के बराबर होती है

Section : **Mathematics**

Q.26 ईंधन की कीमत तीन क्रमिक माहों में 30%, 40% और 45% कम हो जाती है, लेकिन चौथे माह में 65% बढ़ जाती है। मूल कीमत की तुलना में चौथे माह में ईंधन की कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई? (अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans
- ✗ A. 66.65% की वृद्धि
- ✓ B. 61.89% की कमी
- ✗ C. 63.43% की कमी
- ✗ D. 67.69% की वृद्धि

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.27 एक त्रिभुज की भुजाएं 90 cm, 11 cm और 97 cm हैं। 11 cm लंबाई वाली भुजा के संगत इसके शीर्षलंब की लंबाई कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 105 cm
- ✗ B. 97 cm
- ✓ C. 72 cm
- ✗ D. 31 cm

Q.28 यदि $a^2 - b^2 = 21$ और $a - b = 3$ है, तो $a + b$ कितना है?

Ans
- ✓ A. 7
- ✗ B. 6
- ✗ C. 5
- ✗ D. 8

Q.29 दो दोस्तों मंजीत और केशव की मासिक आय का अनुपात क्रमशः 5 : 9 है और उनमें से प्रत्येक हर माह ₹48,000 की बचत करता है। यदि उनके मासिक व्यय का अनुपात 1 : 3 है, तो मंजीत की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1,12,000
- ✗ B. 79,000
- ✗ C. 81,000
- ✓ D. 80,000

Q.30 एक परीक्षा में 150 प्रश्न हैं और प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाते हैं और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक की कटौती की जाती है। एक अभ्यर्थी ने सभी 150 प्रश्नों के उत्तर दिए और 250 अंक प्राप्त किए। ज्ञात कीजिए कि उसने कितने प्रश्नों के सही उत्तर दिए।

Ans
- ✓ A. 80
- ✗ B. 50
- ✗ C. 60
- ✗ D. 70

Q.31 यदि 17, X और 7 का चतुर्थानुपाती 91 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 222
- ✓ B. 221
- ✗ C. 219
- ✗ D. 218

Q.32 एक लड़की 20 km/h की चाल से स्कूल जाती है। वह 12 km/h की चाल से वापस आती है। संपूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 16 km/h
- ✗ B. 17 km/h
- ✗ C. 14 km/h
- ✓ D. 15 km/h

Q.33 दो संख्याओं का योग 50 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 429 है। दोनों संख्याएँ ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 11, 39
- ✗ B. 16, 34
- ✗ C. 4, 46
- ✗ D. 9, 41

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.34 4 cm की त्रिज्या और 6 cm की ऊंचाई वाले धातु के एक ठोस बेलन को पिघलाकर 2 cm की त्रिज्या और 3 cm की ऊंचाई वाले छोटे ठोस बेलनों में ढाला जाता है। एक छोटे बेलन के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल और मूल बेलन के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1 : 3
- ✓ B. 1 : 4
- ✗ C. 2 : 5
- ✗ D. 1 : 8

Q.35 रोहित और उसके पिता की वर्तमान आयु का अनुपात 2 : 5 है। अब से चार वर्ष बाद, उनकी आयु का अनुपात 12 : 27 हो जाएगा। अब से पाँच वर्ष पहले पिता की आयु (वर्षों में) कितनी थी?

Ans
- ✗ A. 50
- ✓ B. 45
- ✗ C. 48
- ✗ D. 52

Q.36 डॉली ₹5,300 की एक टॉय बस खरीदने के लिए एक दुकान पर जाती है। दुकानदार उसे 4 छूट के विकल्प देता है। दी गई छूट का अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए उसे निम्नलिखित में से किस विकल्प का चयन करना चाहिए?

Ans
- ✗ A. 7% और 7% की दो क्रमिक छूट
- ✗ B. प्रत्येक 21% की दो क्रमिक छूट
- ✓ C. 43% और 38% की दो क्रमिक छूट
- ✗ D. 47% की एकल छूट

Q.37 दो रेलगाड़ियाँ, समानांतर पटरियों पर एक-दूसरे की ओर चल रही हैं। रेलगाड़ी A की लंबाई 250 मीटर है और 90 km/h की चाल से चल रही है। रेलगाड़ी B की लंबाई 150 मीटर है और 60 km/h की चाल से चल रही है। रेलगाड़ी A, रेलगाड़ी B को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (निकटतम सेकंड में पूर्णांकित) लेगी?

Ans
- ✗ A. 15 सेकंड
- ✗ B. 12 सेकंड
- ✗ C. 20 सेकंड
- ✓ D. 10 सेकंड

Q.38 एक कक्षा में 12 विद्यार्थियों के अंकों का औसत 36 है। यदि प्रत्येक विद्यार्थी के अंक दोगुने कर दिए जाएं, तो नया औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 72
- ✗ B. 12
- ✗ C. 24
- ✗ D. 36

Q.39 पाइप A अकेले एक टंकी को 6 घंटे में भर सकता है, पाइप B इसे 9 घंटे में भर सकता है, और पाइप C पूरी भरी टंकी को 12 घंटे में खाली कर सकता है। यदि तीनों पाइपों को शुरू में खोल दिया जाए और 1.5 घंटे बाद, पाइप C में रिसाव का पता चले और उसे तुरंत बंद कर दिया जाए, और यदि 1.5 घंटे के दौरान पाइप C द्वारा किया गया कार्य आरंभिक 1.5 घंटे में तीनों पाइपों द्वारा किए गए कार्य का $\frac{x}{7}$% है, तो x के गुणनखंडों की संख्या कितनी है?

Ans
- ✗ A. 12
- ✗ B. 15
- ✗ C. 21
- ✓ D. 18

Q.40 एक कलम को ₹40 में खरीदा जाता है और ₹50 में बेचा जाता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 20%
- ✗ B. 35%
- ✓ C. 25%
- ✗ D. 22%

Q.41 एक व्हाइटबोर्ड का क्रय मूल्य ₹2,800 है। दुकानदार ने क्रय मूल्य पर 87% की छूट दी। विक्रय मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
- ✗ A. 399
- ✓ B. 364
- ✗ C. 526
- ✗ D. 316

Q.42 A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 3, 2 और 6 दिन में पूरा कर सकते हैं। एक साथ कार्य करते हुए, उसी कार्य का दोगुना कार्य करने में उन्हें कितना समय (दिन में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 3
- ✗ C. 6
- ✓ D. 2

Q.43 एक आदमी को प्रत्येक माह ₹7,700 का वेतन प्राप्त होता है। वह प्रत्येक माह अपने वेतन के 25% की बचत करता है। उसका मासिक खर्च ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. ₹5,775
- ✗ B. ₹5,761
- ✗ C. ₹5,856
- ✗ D. ₹5,832

Q.44 2 cm, 12 cm और 16 cm भुजाओं वाले धातु के तीन ठोस घनों को पिघलाकर एक नया घन बनाया जाता है। इस प्रकार बने घन का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1744 cm2
- ✓ B. 1944 cm2
- ✗ C. 944 cm2
- ✗ D. 1644 cm2

Q.45 308 से 320 के बीच कितनी अभाज्य संख्याएँ हैं?

Ans
- ✗ A. 1
- ✓ B. 3
- ✗ C. 7
- ✗ D. 6

Q.46 ₹7,800 की राशि पर 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों में प्राप्त राशि क्या होगी, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है?

Ans
- ✗ A. ₹10,795
- ✗ B. ₹11,730
- ✓ C. ₹11,232
- ✗ D. ₹10,914

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.47 एक इमारत भूमि पर बिंदु A से 108 फीट की दूरी पर है। बिंदु A से इमारत के शीर्ष का उन्नयन कोण θ है। यदि tan θ = 4/3 है, तो इमारत की ऊंचाई (फीट में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 138
- ✗ B. 135
- ✗ C. 140
- ✓ D. 144

Q.48 एक कक्षा के 30 विद्यार्थियों की औसत आयु 12 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 13 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 46
- ✗ B. 45
- ✗ C. 44
- ✓ D. 43

Q.49 $\sqrt{250 + \sqrt{19 + \sqrt{289}}} + \sqrt{620 + \sqrt{11 + \sqrt{196}}}$ का मान ज्ञात करें।

Ans
- ✗ A. 45
- ✗ B. 31
- ✓ C. 41
- ✗ D. 25

Q.50 ₹8,413 को S, B और C में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि यदि उनके हिस्से में से क्रमशः ₹32, ₹60 और ₹71 घटा दिए जाएं, तो उनके पास 5 : 11 : 14 के अनुपात में धन बचता है। B और C के वास्तविक हिस्से का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹925
- ✗ B. ₹775
- ✓ C. ₹836
- ✗ D. ₹675

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

11 14 8 17 ? 20

Ans
- ✗ A. 16
- ✗ B. 10
- ✓ C. 5
- ✗ D. 12

Q.52 छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। A, E के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। E, F के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। D, E के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। B, C के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है।
C और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✓ D. दो

Q.53 निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर-समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

EZC, IDG, MHK, QLO, ?

Ans
- ✗ A. UQS
- ✗ B. UQR
- ✗ C. UPR
- ✓ D. UPS

Q.54 यदि ‘A’ का अर्थ ‘×’ है, ‘B’ का अर्थ ‘÷’ है, ‘C’ का अर्थ ‘+’ है और ‘D’ का अर्थ ‘–’ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

16 B 4 D 8 A 3 C 28 A 2 = ?

Ans
- ✗ A. 38
- ✗ B. 35
- ✓ C. 36
- ✗ D. 40

Q.55 नीचे दी गई श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 9 5 2 4 6 5 9 9 5 3 5 5 1 7 6 3 8 5 1 4 4 5 5 9 8 8 9 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 1
- ✓ C. 2
- ✗ D. 4

Q.56 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) $ # @ * & € # 8 * 9 8 2 $ & $ 6 1 2 1 7 5 @ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✓ B. 1
- ✗ C. 4
- ✗ D. 2

Q.57 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथनः
कुछ डॉल्फ़िन, व्हेल हैं।
कुछ व्हेल, शार्क हैं।

निष्कर्षः
(I) कुछ डॉल्फ़िन, शार्क हैं।
(II) कोई व्हेल, डॉल्फ़िन नहीं है।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.58 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'give me more' को 'bt lq nz' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'give more water' को 'hj bt nz' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'water' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ A. lq
- ✓ B. hj
- ✗ C. bt
- ✗ D. nz

Q.59 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

GIK−JLN
CEG−FHJ

Ans
- ✓ A. XZB−ACE
- ✗ B. XYZ−ACE
- ✗ C. XZB−ZCD
- ✗ D. XYZ−ZBD

Q.60 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. XAC
- ✗ B. TWY
- ✓ C. YCD
- ✗ D. HKM

Q.61 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी जहाज, अंडे हैं।
कुछ अंडे, पेंसिल हैं।
सभी सिक्के, जहाज हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ जहाज, पेंसिल हैं।
(II): कुछ अंडे, सिक्के हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✓ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.62 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक ग्रुप एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले ग्रुप से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

GATE - ETGA - GTAE
PRAY - YAPR - PARY

Ans
- ✗ A. GUNS - GNUS - SNUG
- ✓ B. USER - REUS - UESR
- ✗ C. MODE - EDMO - ODME
- ✗ D. JOIN - OIJN - OINJ

Adda247

Q.63 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1 2 6 7 16 ?

Ans
- ✗ A. 21
- ✗ B. 15
- ✓ C. 17
- ✗ D. 18

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. PT - MR
- ✗ B. JN - GK
- ✗ C. NR - KO
- ✗ D. EI - BF

Q.65 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LEMA' को '2564' और 'HELM' को '3246' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'H' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 6
- ✓ C. 3
- ✗ D. 2

Q.66 BQVH एक निश्चित तरीके से HLZE से संबंधित है। उसी प्रकार, HSJQ, NNNN से संबंधित है। इसी तर्क के अनुसार, JOWF निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ A. QJBD
- ✓ B. PJAC
- ✗ C. PKBC
- ✗ D. QKAD

Q.67 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 D 10 C 5 B 21 A 3 = ?

Ans
- ✗ A. 36
- ✗ B. 31
- ✗ C. 32
- ✓ D. 37

Q.68 उस सेट का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ 13 को लीजिए - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(25, 12, 148)
(32, 11, 172)

Ans
- ✗ A. (24, 14, 154)
- ✗ B. (40, 13, 210)
- ✓ C. (38, 15, 212)
- ✗ D. (19, 35, 214)

Q.69 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

KJN 72 RQU 63 YXB 54 FEI 45 ?

Ans
✔ A. MLP 36
✘ B. MMO 36
✘ C. MUD 35
✘ D. MKO 35

Q.70 प्रियंका अपने चाचा के घर पैदल जाती है। वह अपने घर से उत्तर की ओर 3 m चलती है, फिर वह बाएँ मुड़ती है और 4 m चलती है। फिर वह बाएँ मुड़ती है और 5 m चलती है। फिर वह दाएँ मुड़ती है और 1 m चलती है। अंत में, वह दाएँ मुड़ती है और 2 m चलकर अपने चाचा के घर पहुँचती है।
उसका घर, उसके चाचा के घर से कितनी दूर और किस दिशा में है?

Ans
✘ A. 4 m, उत्तर की ओर
✔ B. 5 m, पूर्व की ओर
✘ C. 3 m, पश्चिम की ओर
✘ D. 7 m, पूर्व की ओर

Q.71 एक निश्चित कूट भाषा में,
P + Q का अर्थ है कि 'P, Q की माता है',
P # Q का अर्थ है कि 'P, Q का पति है',
P & Q का अर्थ है कि 'P, Q की बहन है' और
P % Q का अर्थ है कि 'P, Q का पिता है'।

यदि 'J # S + R & T % Z' है, तो J का Z से क्या संबंध है?

Ans
✘ A. माता की माता
✔ B. पिता के पिता
✘ C. पिता की माता
✘ D. माता के पिता

Q.72 नीचे दी गई शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 3 1 2 6 9 8 1 3 4 1 6 9 5 1 1 5 9 9 4 2 7 7 8 3 9 8 8 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
✔ A. 5
✘ B. 7
✘ C. 4
✘ D. 6

Q.73 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

100 70 45 25 10 ?

Ans
✘ A. 5
✔ B. 0
✘ C. −1
✘ D. 1

Q.74 यदि संख्या 6318547 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों के बीच का अंतर क्या होगा?

Ans
✔ A. 6
✘ B. 5
✘ C. 1
✘ D. 3

Q.75 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 658 223 661 257 666 (दाएं)

(उदाहरण: 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की ओर किए जाएं।

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 14
- ✓ B. 9
- ✗ C. 12
- ✗ D. 11

Q.76 श्री अक्ते अपनी कक्षा में नीचे से 12वें स्थान पर हैं तथा ऊपर से 56वें स्थान पर हैं। उनकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 65
- ✗ B. 66
- ✗ C. 68
- ✓ D. 67

Q.77 सात मित्र D, E, F, U, V, W और X एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E और W के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। W और V के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। U, D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। F, W का निकटतम पड़ोसी नहीं है। X के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ A. एक
- ✗ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. चार

Q.78 Z अपनी कक्षा में नीचे से 12वें स्थान पर और ऊपर से 56वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✓ A. 67
- ✗ B. 68
- ✗ C. 66
- ✗ D. 65

Q.79 पीयूष बिंदु A से चलना प्रारंभ करता है और उत्तर दिशा में 54 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है, 56 km ड्राइव करता है, दाएँ मुड़ता है और 59 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 61 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएँ मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ होंगे।)

Ans
- ✗ A. 7 km, पश्चिम में
- ✓ B. 5 km, पूर्व में
- ✗ C. 3 km, पूर्व में
- ✗ D. 6 km, पश्चिम में

Q.80 छह मित्र, G, H, I, Q, R और S, एक गोल मेज के परितः इसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। I के बाएं से गिनने पर Q और I के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। H, S के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। R, S के ठीक दाएं बैठा है। R, Q के ठीक बाएं बैठा है। G के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✓ A. S
- ✗ B. H
- ✗ C. R
- ✗ D. Q

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 मई 2025 में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा उन्नत डिजिटल टूल में महिलाओं की डिजिटल साक्षरता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए कौन-सा मोबाइल एप्लिकेशन पेश किया गया था?

Ans
- ✗ A. डिजिटल साथी फॉर वुमन एम्पावरमेंट (Digital Saathi for Women Empowerment)
- ✗ B. कावल उथवी इमरजेंसी असिस्टेंस टूल (Kaaval Uthavi Emergency Assistance Tool)
- ✓ C. यशोदा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लर्निंग ऐप (Yashoda Artificial Intelligence Learning App)
- ✗ D. कवलन सेफ्टी एंड सपोर्ट प्लेटफॉर्म (Kavalan Safety and Support Platform)

Q.82 भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के अनुसार, 2025-26 के लिए चौथी तिमाही में अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि दर कितनी है?

Ans
- ✗ A. 6.8%
- ✗ B. 6.3%
- ✓ C. 6.5%
- ✗ D. 6.7%

Q.83 जनवरी 2025 से शुरू होने वाले पद्म पुरस्कार विजेताओं के लिए ओडिशा सरकार ने कितना मासिक मानदेय देने की घोषणा की?

Ans
- ✓ A. ₹30,000
- ✗ B. ₹20,000
- ✗ C. ₹25,000
- ✗ D. ₹35,000

Q.84 मार्च 2025 में, निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान में एक दुर्लभ लंबी थूथन वाला बेल साँप (long-snouted vine snake) फिर से पाया गया?

Ans
- ✗ A. गिर राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ B. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ C. बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान
- ✓ D. दुधवा राष्ट्रीय उद्यान

Q.85 प्रधानमंत्री के लोक प्रशासन उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 के लिए वेब-पोर्टल का आधिकारिक शुभारंभ 1 अक्टूबर 2025 को निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया गया था?

Ans
- ✗ A. उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र
- ✗ B. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
- ✓ C. प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग
- ✗ D. पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो

Q.86 विश्व बैंक की वैश्विक आर्थिक संभावना (जून 2025) के अनुसार, 2025 में वैश्विक विकास दर में उल्लेखनीय गिरावट के बाद _________ हो जाने का अनुमान है।

Ans
- ✗ A. 4.1%
- ✗ B. 0.5%
- ✗ C. 3.5%
- ✓ D. 2.3%

Q.87 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति 5.0 का मुख्य फोकस (केंद्रबिंदु) क्या है?

Ans
- ✓ A. महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और आत्मनिर्भरता
- ✗ B. बुनियादी ढांचे का विकास
- ✗ C. कृषि सुधार
- ✗ D. आर्थिक विकास

Q.88 जून 2025 में जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) ने ICAR के राष्ट्रीय वाणिज्यिक कृषि अनुसंधान संस्थान (NIRCA) के सहयोग से किस राज्य में किसानों और किसान उत्पादक संगठनों (FPO) को मिर्च (chilli) और हल्दी (turmeric) हेतु उन्नत कटाई उपरांत तकनीकों पर प्रशिक्षित करने के लिए भागीदारी की?

Ans
- ✔ A. आंध्र प्रदेश
- ✘ B. पश्चिम बंगाल
- ✘ C. बिहार
- ✘ D. हरियाणा

Q.89 जून 2025 में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) के संयुक्त उद्यम NISAR को ______ के द्वारा लॉन्च करने की योजना थी।

Ans
- ✔ A. GSLV Mk II
- ✘ B. GSLV-P16
- ✘ C. PSLV-CA
- ✘ D. SSLV

Q.90 मई 2025 में पुरुष एकल में विश्व नंबर 1 रैंक पाने वाले पहले थाई पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी कौन बने?

Ans
- ✘ A. कांटाफोन वांगचारोएन (Kantaphon Wangcharoen)
- ✘ B. केंटो मोमोटा (Kento Momota)
- ✘ C. ली ज़ी जिया (Lee Zii Jia)
- ✔ D. कुनलावुत विटिडसार्न (Kunlavut Vitidsarn)

Q.91 6 अप्रैल 2025 को रॉयल अल्बर्ट हॉल में कौन सा प्रतिष्ठित थिएटर पुरस्कार समारोह आयोजित हुआ?

Ans
- ✘ A. क्रिटिक्स सर्कल थिएटर पुरस्कार
- ✘ B. टोनी पुरस्कार
- ✘ C. इवनिंग स्टैंडर्ड थिएटर पुरस्कार
- ✔ D. लॉरेंस ओलिवियर पुरस्कार

Q.92 2025 में, 79वें शौर्य दिवस (Infantry Day) के अवसर पर प्रमुख पुष्पांजलि समारोह कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
- ✘ A. इंडिया गेट
- ✘ B. लाल किला
- ✔ C. राष्ट्रीय युद्ध स्मारक
- ✘ D. सेना मुख्यालय

Q.93 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी किस शहर ने की?

Ans
- ✘ A. दिल्ली
- ✘ B. बेंगलुरु
- ✘ C. मुंबई
- ✔ D. देहरादून

Q.94 एयरोस्पेस टाइटेनियम उत्पादन के लिए किस निजी-क्षेत्र की सुविधा को शुरू किया गया है?

Ans
- ✔ A. एरोलॉय टेक्नोलॉजीज (Aerolloy Technologies)
- ✘ B. टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स (Tata Aircraft Complex)
- ✘ C. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (Bharat Electronics Limited)
- ✘ D. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (Hindustan Aeronautics Limited)

Adda247

Q.95 भारत ने सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) पर अपनी तीसरी स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षा (VNR) रिपोर्ट किस वर्ष प्रस्तुत की?

Ans
- ✗ A. 2024
- ✓ B. 2025
- ✗ C. 2022
- ✗ D. 2023

Q.96 अगस्त 2025 में, डार्विन ट्री ऑफ लाइफ (DToL) परियोजना अपने पहले चरण के पूरा होने करीब था। इस अंतरराष्ट्रीय जैवविविधता पहल का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ A. जीवाश्मों में पाए जाने वाले प्राचीन DNA के माध्यम से मानव प्रवास पैटर्न का मानचित्रण करना
- ✓ B. ब्रिटेन और आयरलैंड में सभी यूकेरियोटिक प्रजातियों के जीनोम का अनुक्रमण करना
- ✗ C. पृथक मानव आबादी में दुर्लभ रोगों के आनुवंशिक आधार को डिकोड करना
- ✗ D. पूर्वजों के जीनोम से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग करके जलवायु-अतिस्कंदी फसलें विकसित करना

Q.97 2025 की घोषणा के अनुसार, उच्च प्राथमिकता वाले खेलों में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए अनुदान में कितनी वृद्धि की गई है?

Ans
- ✗ A. ₹39 लाख
- ✗ B. ₹51 लाख
- ✓ C. ₹90 लाख
- ✗ D. ₹30 लाख

Q.98 अगस्त 2025 में, डाक विभाग ने देश भर के डाकघरों के विश्वास और पहुंच का लाभ उठाते हुए म्यूचुअल फंड उत्पादों तक पहुंच को व्यापक बनाने के प्रयास में किस एसोसिएशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

Ans
- ✗ A. भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण
- ✗ B. अखिल भारतीय म्यूचुअल फंड सलाहकार संघ
- ✓ C. एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया
- ✗ D. भारतीय उद्योग परिसंघ

Q.99 सामाजिक परिवर्तन के लिए फुटबॉल का उपयोग करने हेतु किस संगठन को 2025 का लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड अवॉर्ड मिला?

Ans
- ✓ A. किक4लाइफ (Kick4Life)
- ✗ B. राइट टु प्ले (Right to Play)
- ✗ C. फुटबॉल फॉर पीस (Football for Peace)
- ✗ D. स्ट्रीट लीग (Street League)

Q.100 पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति, जिसका शीर्षक है "पिछले 8 वर्षों में, जनवरी-अगस्त अवधि के लिए दिल्ली में 2025 में सबसे कम AQI आंकड़े दर्ज किए गए", के अनुसार, जनवरी-अगस्त 2025 के दौरान दिल्ली का औसत AQI कितना था?

Ans
- ✗ A. 187
- ✓ B. 172
- ✗ C. 174
- ✗ D. 194

"

Adda247